# नामी कंपनी के नाम पर बनाते थे नकली तेल, पुलिस ने किया रैकेट का भंडाफोड़ Gorakhpur News



Publish Date:Sun, 20 Dec 2020 01:30 PM (IST)Author: **Pradeep Srivastava**

*पुलिस ने मौके से सात सौ शीशी नकली तेल तैयार 130 खाली शीशी नौ हजार रैपर बरामद किया है। असली तेल की कीमत 44 रुपये है तो जिसे 40 रुपये में बेचा जाता था। इसे 30 से 35 रुपये में बिहार भेजा जाता था।*

**गोरखपुर, जेएनएन।** एक नामी कंपनी के नाम पर नकली तेल बनाने के गिरोह का देवरिया की बनकटा पुलिस ने भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में नकली तेल व खाली रैपर बरामद किया है। यहां से तैयार कर नकली तेल पड़ोसी प्रांत बिहार में भी भेजा जाता रहा। इस मामले में नकली तेल बनाने के कार्य में संलिप्त दो किराना दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

कंपनी के कर्मचारी रंजीत कुमार की शिकायत पर बनकटा पुलिस ने सोहनपुर में किराना दुकानदार विरझन चौहान व ध्रुव पटवा की दुकार पर बनकटा पुलिस ने छापेमारी की। इससे पहले आरोपित फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने मौके से सात सौ शीशी नकली तेल तैयार, 130 शीशी खाली, नौ हजार रैपर बरामद किया। बताया जा रहा है कि असली तेल की कीमत 44 रुपये है तो यह 40 रुपये में ही ग्राहकों को दे देते थे। इसके अलावा 30 से 35 रुपये में पड़ोसी प्रांत बिहार में भेजते थे। थानाध्यक्ष प्रमोद सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**चोरी का सामान बरामद, पांच आरोपित गिरफ्तार**

उधर, गोरखपुर के पिपराइच थाना पुलिस ने गश्त के दौरान चोरों के एक गिरोह को धर दबोचा है। आरोपित ग्राम मंझरिया के निवासी हैं। कुछ दिन पूर्व आरोपितों ने मंझरिया में ही एक घर से चोरी की थी। आरोपितों के पास से 10 साड़ियां, चार चाकू आदि बरामद हुआ है। आरोप है कि आरोपितों ने कुछ दिन पूर्व गांव में ही एक घर से चोरी किया था।

प्रभारी थानाध्यक्ष जगदीप सिंह मलिक ने बताया कि थाना पुलिस मंझरिया के पास रात में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मंझरिया निवासी चन्द्रबली चौहान, रामनवल, मुस्तफा, रवि चौहान, सुग्रीव पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। रोक कर तलाशी लेने के पर उसके पास से चोरी की दस साड़ी बरामद हुआ। उनके पास से चार चाकू भी बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध धारा 380, 457, 411 व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेज दिया।

**Source:** https://www.jagran.com/uttar-pradesh/gorakhpur-city-fake-oil-was-made-in-the-name-of-a-wel-known-company-the-police-busted-the-racket-21180350.html